Appendix B

प्रेषक,

हरिश्चन्द्र जोशी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

सचिव
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद
समुदाय केन्द्र प्रीति विहार
नई दिल्ली।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 — देहरादून:दिनॉक 06 जून ~~मई~~,2008

विषय: द एशियन एकेडमी, जनपद पिथौरागढ़ को आई0सी0एस0ई0 के स्थान पर सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–666/XXIV-3/2007/01(26)/2006, दिनांक 28 जून,2007 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें द एशियन एकेडमी, जनपद पिथौरागढ़ को आई0सी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति दी गई थी। प्रश्नगत संस्था द्वारा अब आई0सी0एस0ई0 के स्थान पर सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहंने का निदेश हुआ है कि **द एशियन एकेडमी, जनपद पिथौरागढ़** को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिये जाने में राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है:–

(1) उत्तराखण्ड में स्थित शिक्षण संस्थानों को कौंऊंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन/सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेण्डरी एजुकेशन, नई दिल्ली से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु उपर्युक्त दोनों बोर्डो द्वारा निर्धारित शर्तो/मानकों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

(2) विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

(3) विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित सदस्य होगा।

(4) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मेधावी बच्चों के लिये सुरक्षित रहेगें और उनसे उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जायेगा।

(5) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशनल, नई दिल्ली /कौंसिल फॉर इण्डियन सर्टीफिकेट एक्जामिनेशन, नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

The Asian Academy Pithoragarh Manager

Chairman
The Asian Academy
Pithoragarh

अध्यक्ष
एशियन पर्यटन, शैक्षिक एवं पर्यावरण
संरक्षण, संस्था (एटीज) पंजि०
पिथौरागढ़ (उत्तरांचल) - 262501

Convinced
MN 30/4/13
Principal,
Jawahar Navodaya Vidyalaya,
Bageshwar

Principal
The Asian Academy
Pithoragarh (U.K.)

Principal
The Asian Academy
Pithoragarh (U.K.)

क्रमशः ...2

(6) संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

(7) विद्यालय/संस्था में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्त लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

(8) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उनका पालन करेगी।

(9) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।

(10) उक्त शर्तों में बिना शासन के पूर्वानुमोदन के कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

3– उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी भी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पंत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

(हरिश्चन्द्र जोशी)
सचिव

संख्या–938(1)/XXIV-3/2008/01(26)/2006, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– अपर शिक्षा निदेशक, कुमायूँ मण्डल, नैनीताल।
3– जिला शिक्षा अधिकारी, पिथौरागढ़।
4– प्रधानाचार्य, द एशियन एकेडमी, जनपद पिथौरागढ़।
5– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(पी0एल0शाह)
उप सचिव

The Asian Academy Manager Pithoragarh

Chairman
The Asian Academy
Pithoragarh

जवाहर नवोदय विद्यालय (बागेश्वर)

Principal
The Asian Academy
Pithoragarh (U.K.)